1. मेरा प्रिय खेल (क्रिकेट)

खेलकूद हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। हमारे यहाँ क्रिकेट, कबड्डी, फुटबाल, टेनिस, शतरंज जैसे अनेक खेल खेले जाते हैं। क्रिकेट मेरा सबसे प्रिय खेल है। इस खेल का प्रारंभ इंग्लैंड देश में हुआ था। धीरे-धीरे इस खेल का विकास कई देशों में हुआ। आज भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका आदि प्रमुख देशों में क्रिकेट का खेल बहुत लोकप्रिय है। क्रिकेट की दो टीमें होती हैं। प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं। जब एक टीम बल्लेबाज़ी करती है तो दूसरी टीम गेंदबाज़ी करती है। हर 4 वर्ष बाद विश्व कप का आयोजन होता है। वर्ष 2011 का विश्व कप भारत ने जीता है। सचिन तेंदुलकर, धोनी, युवराज आदि हमारे प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ी हैं। हमें क्रिकेट खेलना और देखना बहुत अच्छा लगता है।